



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 148 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 10 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया



**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


## डूबा तो टाइटैनिक भी था, जला रोम भी था...

लगता ऐसा ही है, कांग्रेस में बहुत असरकारी भूचाल आ गया है। क्योंकि, शनिवार को मध्यप्रदेश की सियासत में जो कुछ हुआ, उसकी तो यह पार्टी बीते लंबे समय से अभ्यस्त हो चुकी है। वह भी राष्ट्रव्यापी तरीके से। लेकिन, कांग्रेस के सीनियर नेता सुरेश पचौरी सहित प्रदेश के कई बड़े-छोटे नेताओं ने पंजे को अंगूठा दिखाकर भाजपा का दामन थाम लिया। यह पहले ही दरारों का दर्द सह रही किसी दीवार में बड़ा छेद हो जाने से कम वाला मामला नहीं है।


प्रकाश भटनागर

पचौरी कांग्रेस की रीति-नीति में पगे हुए व्यक्ति रहे हैं और इस तरह से उनका कांग्रेस को त्याग देने का फैसला कांग्रेस में अनिश्चितता की घुटन से जूझ रहे और भी कई बड़े नेताओं को राह दिखाने वाला साबित हो सकता है। पचौरी कांग्रेस के उन नेताओं में शामिल हैं जो कांग्रेस में मध्यप्रदेश की जमीनी और दिल्ली की आसमानी राजनीति में हमेशा एक खास स्थान रखते रहे हैं। निश्चित ही पचौरी जनाधार के मामले में भले ही कमजोर रहे हैं। लेकिन, कांग्रेस में उनके आधार को कभी कोई नकार नहीं पाया है। उनके भीतर कुछ तो ऐसा रहा है, जिसने उन्हें कांग्रेस आलाकमान के मनाधार से सदैव परिपूरित रखा। वरना यह संभव ही नहीं है कि अपने सियासी जीवनकाल में मध्यप्रदेश के दिग्गज कांग्रेसियों के बीच पचौरी के हिस्से में चार बार लगातार राज्यसभा सदस्यता, नरसिम्हा राव और मनमोहन सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालयों की कमान, मध्यप्रदेश में युवक कांग्रेस और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जैसे पद आए।

यकीनन कांग्रेस नेतृत्व ने अपने इस नेता में कोई तो ऐसी बात देखी होगी, जिसके चलते उन्हें भरपूर तरीके से नवाजा गया। यह सब भी कुछ यूं होता चला गया कि गुटाधीशों वाली राज्य कांग्रेस में पचौरी भी अपना एक बड़ा ग्रुप बनाने में सफल हो रहे। अस्सी के दशक से यह सिलसिला चला कि यदि मध्यप्रदेश में अर्जुन सिंह, शुक्ल बंधु, दिग्विजय सिंह, मोतीलाल वोरा या सिंधिया के नाम से खेमे रहे तो हमेशा एक खेमे की गिनती सुरेश पचौरी के नाम से भी होती रही है। तो दरार से छेद वाला यह मामला इसलिए भी हो जाता है कि पचौरी अपने साथ समर्थकों की एक बड़ी फौज की भी ले जाने में सफल रहे हैं। वैसे ही, जैसे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कर दिखाया था। सिंधिया का मामला उनके अपने इलाके में पकड़ वाला रहा है। पचौरी ने पूरे प्रदेश में अपने समर्थक तैयार भी किए और उन्हें पार्टी में भरपूर सम्मान भी दिलाया। पार्टी में कद और पद का मामला हो या फिर सांसद से लेकर पार्षद पद तक, पचौरी के कोटे से पार्टी में कार्यकर्ताओं को टिकट मिलते रहे थे।

पचौरी आज से जिस भाजपा में शामिल हुए हैं, वहां हिसाब ठीक उलटा है। यह वह दल है, जहां कद्दावर नेता रहते हुए खुद बड़े नेता भी अपने परिवार को राजनीतिक रूप से 'सुसज्जित' वाली शैली में स्थापित नहीं कर सके। पचौरी भी इस तथ्य से भली-भांति अवगत हैं। वैसे भी जिस परिस्थिति में पचौरी भाजपा में शामिल हुए हैं, उसमें किसी डील या कमिटमेंट की गुंजाईश नहीं है। बस भाजपा अपना कुनबा बढ़ा रही है और उसके दरवाजे हर कांग्रेसी के लिए खुले हैं। कांग्रेस को कमजोर करना उसकी एकमात्र रणनीति है। जाहिर है कि यदि महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण और मिलिंद देवड़ा जैसे लोग हो या फिर मध्यप्रदेश में सिंधिया या पचौरी जैसे नेता, कांग्रेस राहुल गांधी के अघोषित नेतृत्व और वामपंथियों की वैचारिक पकड़ में अपने ही नेताओं की कद्र खोती जा रही है। जाहिर है कि पचौरी या उनके साथ आए हुए नेता किसी तत्कालिक लालच में भाजपा में शामिल नहीं हुए होंगे। इनमें से कुछ तो अभी हाल ही का पिछला ....... शेष पेज 3 पर

# आग: सरकारी दफ्तर असुरक्षित!

## कहीं संसाधन नहीं तो कहीं उपयोग करना नहीं आता..!

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल के वल्लभ भवन में भीषण आगजनी की घटना हुई। इसके बाद यदि जिले के सरकारी दफ्तरों को देखे तो स्थिति विकट दिखाई देती है। शहर सहित अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी कार्यालयों में आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम न होने से कभी कोई बड़ी दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके बाद भी यहां पर आग रोकने के इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। अभी भी अधिकांश सरकारी कार्यालयों में अग्निशमन यंत्र नहीं लगाए गए हैं और जिन दफ्तरों में ये लगे हैं उनकी सर्विस नहीं होने से वे जंग खा रहे हैं। वहीं जहां संसाधन ओके है तो वहां किसी कर्मचारी को संसाधनों का उपयोग करना नहीं आता।

जिला मुख्यालय पर कई सरकारी कार्यालय हैं जहां आगजनी से सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। इन ऑफिसों में आग पर काबू पाने के लिए एंटी फायर सिस्टम और रेत से भरी लाल बाल्टी तक नहीं रखी है। खास बात ये हैं कि सब जानते हुए भी आला अफसर भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गर्मी में तारों, बिजली केबल में शॉर्ट सर्किट होने का ज्यादा खतरा रहता है। क्योंकि, इन दिनों बिजली अधिक खर्च होने से तार अधिक गर्म होकर शॉट हो जाते हैं। इस कारण आगजनी की घटना होती हैं। वहीं छोटी सी चिंगारी भी जल्द आग पकड़ लेती है।



### स्कूलों में नहीं हैं यंत्र...

स्कूलों में आगजनी की घटना रोकने के लिए कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने समूचे देश के स्कूलों को अग्निशमन यंत्र रखने के निर्देश दिए थे। इस आदेश के लंबा समय गुजरने के भी शहर में संचालित सरकारी स्कूलों में अग्निशमन यंत्र नहीं हैं।

### कर्मचारियों को नहीं दी ट्रेनिंग...

कई कार्यालयों में अग्निशमन यंत्र लगे है, लेकिन आग बुझाने के पर्याप्त इंतेजाम नहीं है। कुछ कर्मचारियों ने कहा हमारे यहां एंटी फायर सिस्टम लगे है। लेकिन, इनको चलाना किसी को नहीं आता है। यदि किसी आफिस में आग लग जाती है तो अधिकारी, कर्मचारी कुछ नहीं कर पाएंगे। संसाधन सुरक्षा के लिहाज से कार्यालय में होना आवश्यक है और कर्मचारियों को इसके संचालन का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

### बैंकों में सबसे ज्यादा जरुरी...

जिला सहकारी बैंक हो या अन्य कोई भी निजी प्रायवेट बैंक। इनमें आग बुझाने के संसाधनों का होना बेहद जरुरी है। जबकि, बात करें जमीनी हकीकत की तो अधिकांश बैंकों में यह नहीं है। जिन बैंकों में है। वहां संसाधनों की देखरेख नहीं की जा रही। वहीं आग लगने पर बुझाने के लिए कर्मचारी को प्रशिक्षण नहीं दिया गया। अगर आग लग जाती है और संसाधन मौजूद भी है तो आगजनी के समय कर्मचारी या लोग अपनी जान बचाएगे। संसाधनों का उपयोग करने की बजाय अप्रशिक्षत कर्मचारी कार्यलय से बाहर निकलते हुए ही नजर आएगे। इधर शहर में कृषि उपज मंडी ऑफिस, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, पशु अस्पताल, नगर पालिका, महिला एवं बाल विकास विभाग, आरटीओ, जलसंसाधन विभाग सहित कई अन्य कार्यालय है। जहां सुरक्षा की जरुरत है।

### कलेक्टोरेट सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण...

सरकारी कार्यालयों में सुशासन भवन कलेक्टोरेट कार्यालय सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसका कारण यह है कि इसमें कई विभागों के दफ्तर संचालित हो रहे हैं। तीन मंजिला इमारत होने और कई सरकारी दफ्तर होने के बाद भी फिलहाल आग से बचने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम यहां नजर नहीं दिख रहे है।

## आम चुनाव से पहले पुलिस कप्तान ने की सर्जरी

### कई टीआई, एसआई सहित 110 पुलिस वालो का तबादला

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने आम चुनाव से पहले जिले के थानों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों में बड़ा बदलाव किया है। इस बदलाव ने 110 पुलिस वालों को इधर से उधर किया गया है। जिसमें नौ थानों के टीआई को भी बदला गया है। इसके अतिरिक्त 20 उप निरीक्षको के साथ ही एएसआई, प्रधान आरक्षक और आरक्षक शामिल है।



निरीक्षक उदयसिंह अलावा को गरोठ से हटाकर शामगढ थाना प्रभारी बनाया गया है। रमुंडा कटारा को सुवासरा से नई आबादी थाना दिया गया है। दिनेश प्रजापति को सीतामऊथाने से पुलिस लाईन भेजा गया है। मोहन मालवीय को पुलिस लाईन से सीतामऊथाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं नारायण मरावी को शामगढ से महिला थाना, कमलेश प्रजापति को भानपुरा से सुवासरा थाना, प्रभात कुमार गौड को पुलिस लाईन से गरोठ थाना, रोहित कछावा को नई आबादी से भानपुरा थाना और रानी बेग को पुलिस लाईन से भावगढ थाने का प्रभार दिया गया है।

### 20 सब इंस्पेक्टरों के थाने भी बदले...

इधर 20 एसआई के थाने भी बदले गए है। कपिल सौराष्ट्रीय को भैसोदा मंडी से मुल्तानपुरा चौकी प्रभारी, गौरव लाड को गांधी सागर थाने से भैसोदा मंडी चौकी प्रभारी और पूर्णिमा सिरोहिया को वायडी नगर से साताखेडी चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा ममता अलावा को सीतामऊ से वायडी नगर, विनय बुंदेला को मुल्तानपुरा चौकी प्रभारी से शहर कोतवाली, रितेश नागर को कोतवाली से नई आबादी थाना, शुभम व्यास को साताखेडी चौकी प्रभारी से बदली कर गरोठ थाना, बलवीर यादव को भानपुरा थाने से भावगढ थाने, भारत कटारा को गरोठ से सीतामऊ थाने, सुनील जाटव को नाहरगढ से भानपुरा थाना, लाखनसिंह भूरिया को कोतवाली से नाहरगढ थाना, जोरसिंह डामोर को भावगढ से भानुपरा थाना, भानुप्रतापसिंह राजावत को कोतवाली से नाहरगढ थाना, हरीसिंह झाला को पुलिस लाईन से सीतामऊ थाना, चंद्रपालसिंह तोमर को नाहरगढ से कोतवाली, नेहा औरा जैन को कोतवाली से नारायण गढ थाना, मांगीलाल चौहान को सीतामऊ से चौकी साताखेडी, जगदीशचंद्र हाडा को कोतवाली से नाहरगढ थाना, शंकरसिंह चौहान को वायडी नगर से नई आबादी थाना और महेंद्रसिंह यादव को नई आबादी से वायडी नगर थाना भेजा गया है। इसके अलावा 19 एएसआई सहित 81 प्रआ और आरक्षकों को इधर से उधर किया गया है।

## 10 मई को खुलेंगे बाबा केदारनाथ के कपाट



**देहरादून, 9 मार्च।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष शुक्रवार 10 मई को प्रात: 7 बजे खुलेंगे। इसी दिन से श्री केदारनाथ धाम की यात्रा शुरु हो जाएगी। भगवान केदार नाथ की पंचमुखी भोग मूर्ति 5 मई को पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भैरव नाथ जी की पूजा होगी। पंचमुखी डोली 6 मई को श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी, जो विभिन्न पड़ावों से होकर 9 मई शाम को केदारनाथ धाम पहुंचेगी। पंचकेदार गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में आयोजित धार्मिक समारोह में कपाट खुलने की तिथि तय हुई।

## गेस सिलेंडर 879 रुपए का मिलेगा

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 100 रुपए कम कर दी है। इससे मध्यप्रदेश में भी घरेलू गैस सस्ती हो गई है। राजधानी की बात करें तो भोपाल में गैस सिलेंडर 808 रुपए 50 पैसे में मिलेगा। मंदसौर में 100 रुपए कम होने के बाद सिलेंडर 879 रुपए में मिलेगा। नीमच में सिलेंडर 879.50 रुपए में मिलेगा तो रतलाम में कीमत होगी 881.50 रुपए प्रति सिलेंडर मिलेगा। अब प्रदेश की बात करें तो सबसे सस्ता सिलेंडर भोपाल में जबकि, सबसे महंगा मुरैना में 887 रुपए में मिलेगा। पिछले साल अगस्त में भी एलपीजी सिलेंडर की कीमत 200 रुपए कम हुई थी। हालांकि, प्रदेश के ज्यादातर शहरों में दाम 1 हजार रुपए से ज्यादा ही चल रहे थे।

इधर केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर पर दी जाने वाली 300 रुपए की सब्सिडी को 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया है। 7 मार्च को केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग में ये फैसला लिया गया। इस योजना का लाभ देशभर की 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मिलेगा। सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या में भी इजाफा किया गया है। पहले 10 सिलेंडर पर ही सब्सिडी मिलती थी, अब इसे बढ़ाकर 12 कर दिया गया है।

### रक्षाबंधन पर हुआ था कीमतों में बदलाव

बीते साल रक्षाबंधन के मौके पर केंद्र सरकार ने घरेलु गेस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) के दामों में 200 रुपए की कटौती की थी। इसके बाद अब 100 रुपए कम किए गए हैं।

## नशे में खुद की बाइक को लगाई आग

**मनासा, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर के मुक्तिधाम रोड पर शुक्रवार रात्रि में उस समय अफरातफरी मच गई जब एक युवक ने नशे की हालत में अपनी ही बाइक को आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर मनासा नगर परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

दरअसल, मनासा नगर के मुक्तिधाम (श्मशान घाट) रोड हरिजन मोहल्ला निवासी युवक अनिल पिता चंपालाल ने नशे की हालत में अपनी ही बाइक को आग लगा दी। युवक ने बाइक को उस समय आग के हवाले किया जब श्मशान घाट पर शिवरात्रि के अवसर पर एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा था। घटना स्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे थे। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी तत्काल मोके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की। जब आग पर काबु नहीं पाया जा सका तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। घटना के बाद मनासा थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## कुख्यात तस्कर कमल राणा को कोर्ट में किया पेश



**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजस्थान क्राईम ब्रांच द्वारा दबोचे गए कुख्यात तस्कर कमल राणा को शनिवार को मंदसौर न्यायालय में पेश किया गया। जहां उपस्थिति के बाद पुलिस पुनः अपने साथ ले गई।

जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ थाना पुलिस ने कुछ वर्षो पहले केप्सूल टेंकर से बड़ी मात्रा में डोडाचूरा बरामद किया था। उस समय से ही कमल राणा फरार चल रहा था। अब जब राजस्थान पुलिस ने उसे दबोच लिया तो सभी मामलो में उसकी पेशी चल रही है। शनिवार को मंदसौर के विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट में उसको पेश किया गया। इसके पहले 5 मार्च को कमल राणा को नीमच न्यायालय में भी एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में पेश किया गया था।


## तृतीय पुण्य स्मरण

अच्छे लोग हमेशा अपनी छाप छोड़ जाते है, जिनका आने वाली पीढ़ी सदैव स्मरण करती है



जन्म दिनांक-* स्व. डॉ. संजयजी जैन 27.02.1971, * स्व. श्रीमती साधना जैन 10.12.1973

प्रभु मिलन - 10.03.2021

परम आदरणीय

**स्व. डॉ. संजयजी जैन एवं स्व. श्रीमती साधनाजी जैन**

के तृतीय पुण्य स्मरण दिवस पर

शत् - शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

*********** श्रद्धानवत ***********

**मेहता परिवार, सुवासरा**

*********** फर्म ***********

* नाकोड़ा मोबाईल, मो.-9425977808 * अरिहंत फार्म, मो.-9424502745

* जैन क्लिनिक, मो.-7000436682 * जयना स्टोर, मो.-6263370618



# हंसमुख, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी मुकुंद जोशी की देह पंचतत्व में विलीन

## मुक्तिधाम पर सजल नेत्रों से दी अंतिम विदाई, गणमान्य जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** हंसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी, मंदसौर शहर के बच्चे-बच्चे के दिल में बसे मुकुंद जोशी का अल्प बीमारी के बाद शुक्रवार की रात निधन हो गया। शनिवार की सुबह निवास भगवत कृपा जीवागंज से अंतिम यात्रा प्रारंभ हुई। मुक्तिधाम पर परिजनों ने सजल नेत्रों से मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में मंदसौर शहर के गणमान्यजनो ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



गोलोक वासी पण्डित मदन लाल जी जोशी के सुपोत्र, शिक्षाविद कैलाश जोशी, मन्दसौर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष ब्रजेश जोशी के भतीजे और पियूष व प्रशांत जोशी के अनुज मुकुंद पिता स्व. योगेश जोशी को अस्वस्थता के चलते 25 फरवरी को मन्दसौर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, 13 दिनो से लगातार जीवन और मृत्यु से संघर्ष करते हुए शुक्रवार की रात करीब 11.30 बजे श्री जोशी की आत्मज्योति सदा के लिये परमात्मा में लीन हो गई। अंतिम यात्रा शनिवार की सुबह जीवागंज स्थित निवास भगवतकृपा से निकली जिसमे बड़ी संख्या में शहर के गणमान्यजन सम्मिलित हुए। मुक्तिधाम पर आयोजित शोक श्रद्धांजलि में गणमान्यजनो ने स्व जोशी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया और बताया कि स्व मुकुंद जोशी जैसे बिरले व्यक्तित्व होते हैं जो अल्प आयु में ही न केवल परिवार बल्कि पूरे शहर के चहेते बन जाते हैं। मुकुंद जोशी शहर के बच्चे-बच्चे के दिल मे समाया था।जरूरतमंदो की मदद से लेकर शहर के अनेक धार्मिक और सामजिक आयोजनों में आपकी बढ़चढ़कर भागीदारी रहती है। पूरी निष्ठा और समर्पण भाव के साथ काम करते हुए मुकुंद हर व्यक्ति का चहेता बन गया था, वह न केवल भगवत कृपा परिवार का लाडला था बल्कि पूरे शहर का लाडला बन गया था हर व्यक्ति से उसका रिश्ता आत्मीयता से परिपूर्ण था। संस्कारों की धानी मुकुंद था, उम्र में बड़े हर व्यक्ति से मिलते समय चरण स्पर्श करना उसका संस्कार था, स्नेहभरी मुस्कान उसकी पहचान थी। ऐसे व्यक्तित्व का अल्प समय मे ही दुनिया से बिछुड जाना परिवार ही नही बल्कि पूरे शहर के लिए अपूरणीय क्षति है। स्व. मुकुंद जोशी के निधन की खबर मिलते ही किन्नर गुरु अनिता दीदी, ब्रह्माकुमारी श्यामा दीदी, हेमलता दीदी ने निवास स्थान पहुँचकर शाल और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, गुर्जर गोड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, श्री जगदीश् मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष पं. कुबेरकान्त त्रिपाठी, सचिव गोपाल भट्ट, सकल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं दिलीप शर्मा, तलाई वाले बालाजी ट्रस्ट के अध्यक्ष धीरेंद्र त्रिवेदी, मन्दसौर जिला प्रेस क्लब के संरक्षक संजय पोरवाल, वैश्य महासम्मेलन में जिला प्रभारी और मारवाडी मंच के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, ओम प्रकाश व्यास, वरिष्ठ अधिवक्ता मंगेश भाचावत, कृषि वैज्ञानिक नरेंद्र सिंह सिपानी, अपना घर के संचालक राव विजय सिंह, डेस न्यूज़ के डायरेक्टर नंदू आडवाणी, महेश आर्य, गोपालंकृष्ण गोशाला के अध्यक्ष संजय लोढ़ा, प्रेस क्लब के सचिव पुष्पराज सिंह राणा, वरिष्ठपत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल, विक्रम विद्यार्थी, मोहन रामचंदानी, ईश्वर रामचंदानी, नेमीचंद राठौर, आशुतोष नवाल, आलोक शर्मा, अजय लोढ़ा, महेश जैन, प्रकाश सिसोदिया, हेमंत शर्मा, संजय वर्मा, राहुल सोनी, राव प्रितेशसिंह, लोकेश पालीवाल, शोरित सक्सेना, खाटू श्याम मंदिर के अध्यक्ष शिवकरण प्रधान, ज्योतिष एवं कर्मकांड परिषद के अध्यक्ष पं.उमेश जोशी, समाजसेवी नंदकिशोर अग्रवाल, सुनील बंसल, नपा सभापति रमेश ग्वाला, पार्षद पति अनूप माहेश्वरी, भाजपा नेता विजय सुराणा, मुकेश काला, कमल कोठारी, विनोद जैन, मनोज भाचावत, डॉ देवेंद्र पुराणिक, ,ललित बटवाल, सुनील व्यास, रमेशचंद्र चन्द्रे, अशोक कर्नावट, कपिल भंडारी, राजपालसिंह परिहार, ब्रजमोहन गर्ग, अजय तिवारी, आशीष गोड़, साहित्यकार वेद मिश्रा, सुशील गर्ग, विश्वमोहन अग्रवाल, अरुण शर्मा, विनोद मेहता,, मुकेश उपाध्याय, शिवप्रकाश जोशी, नंदकिशोर शर्मा, सुरेंद्र त्रिवेदी, जगदीश शर्मा, कृष्ण वल्लभ त्रिपाठी, दृष्टानंद नेंनवानी, चेतन जोशी, जितेंद्र व्यास, हितेश गुर्जर, विनय दुबेला, अरविन्द सारस्वत, शंकर बाबानी, मुकेश माहेश्वरी, अनिल पमनानी, राजेश दुबे, हरीश अग्रवाल, रमेश भाटी, अमित गोदावत, तेजसिंह, जयदेवसिंह चौहान, राजेश पाठक, पुरषोत्तम शिवानी, अजय सिखवाल, बंशीलाल टांक, महेश काबरा, नरेंद्र त्रिवेदी, हेमंत शाह, हमीद भाई,, रविन्द्र पांडेय, सूर्यप्रकाश जोशी, समेत बड़ी संख्या में गणमान्य जनों ने सम्मिलित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

**शंकराचार्य भानपुरा पीठ ने दूरभाष पर व्यक्त की शोक संवेदना–** भानपुरा अवान्तर पीठ के पूज्य शंकराचार्य जगदुरू स्वामी श्री ज्ञाना नंद तीर्थ महाराज ने स्व. मुकुंद जोशी के निधन के समाचार मिलने के बाद दूरभाष पर परिजनों से चर्चा की और अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परम् पिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों मे स्थान देने की प्रार्थना की।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने बताया कि महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक महिलायें सशक्त नहीं होगी तब तक देश की अच्छी उन्नति संभव नहीं है। महिला पुरूष के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर चल रही है। वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार ने कहा कि आज महिलायें प्रत्येक क्षेत्र में काम कर रही है किसी समय ये माना जाता था कि जोखिम भरे कार्य केवल पुरूष ही कर सकते हैं। आज उन कार्यों में भी महिलायें अपनी भागीदारी निभा रही है। आपने कई सफल महिलाओ के उदाहरण देकर अपनी बात कही। डा.माया अग्रवाल ने भी संबोधित किया और कहा कि युवा छात्राओं को राष्ट्रहित में सभी क्षेत्रों में भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डा.शीला आर्य एवं आभार डा.प्रीति मुरडिया ने माना।

# हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड के राष्ट्रीय कमिश्नर चौहान ने राज्य मुख्यालय मंदसौर का किया निरीक्षण

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** हिंदुस्तान स्काउटस एवं गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय के नेशनल ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर ने मध्य प्रदेश का दो दिवसीय दौरा किया। नेशनल ऑर्गेनाइजेशन कमिश्नर श्री के एस चौहान मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रतलाम पहुंचे। सहायक राज्य संगठन आयुक्त शुभम यादव, राज्य सचिव गणेश शर्मा, ने अगवानी की, रेलवे स्टेशन रतलाम पर रेंजर गाइड की टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके पश्चात चौहान ने सड़क मार्ग से राज्य मुख्यालय मंदसौर की ओर प्रस्थान किया। इस अवसर पर श्री चौहान द्वारा राज्य मुख्यालय मंदसौर अवलोकन कर सेंट थॉमस स्कूल प्राचार्या सिस्टर ज्योथिस एवं दशपुर विद्यालय प्राचार्य प्रिंस सर के नेतृत्व में यूनिट निरीक्षण किया एवं मध्य प्रदेश में स्काउट गाइड द्वारा किए गए कार्यों का अवलोकन कर अपनी ओर से विशेष बैज प्रदान करने की घोषणा की राज्य मुख्यालय पर राज्य कोषाध्यश जितेंद्र कनौजिया, राज्य अध्यक्ष डॉ. वी.एस.




पुरावात, हेड क्वार्टर कमिश्नर डॉ. क्षितिज पुरोहित आदि राज्य अधिकारियों ने राष्ट्रीय ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर चौहान से मुलाकात कर मध्य प्रदेश में हिंदुस्तान स्काउटस एवं गाइड द्वारा संचालित गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत कर, विभिन्न संगठनात्मक कार्यों पर चर्चा की। इस अवसर पर कमिश्नर श्री चौहान ने महाशिवरात्रि अवसर पर भूत भावन भगवान श्री पशुपतिनाथ का पूजन जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं नालछामाता के दर्शन किए सड़क मार्ग द्वारा दलोदा होते हुए चौहान वापस रतलाम पहुंचे जहां श्री नाहर ग्लोबल स्कूल सागोद रोड पर संचालित हिंदुस्तान स्काउटस एवं गाइड मध्य प्रदेश की यूनिट का अवलोकन कर स्काउट गाइड से मुलाकात की एवं रात्रि में गुजरात अहमदाबाद के लिए प्रस्थान किया।

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा मनासा में खाता धारकों के साथ अनियमितता एवं धोखाधड़ी की जा रही...?

## शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारी करते हैं अपनी मनमानी, आम ग्राहकों को हो रहा नुकसान

**मनासा, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खाता धारक पुखराज




पिता अमरचंद मालवीय निवासी कुकडेश्वर ने अपने खाता संख्या 35184536778 में मनमाने तरीके से बैंक प्रतिमाह 588.82 पैसे एवं 411.82 पैसे की राशि काट रही थी। जिसके चलते बचत खाता धारक के एक आवेदन पत्र दिनांक 12.12.2023 को शाखा प्रबंधक को दिया। जिसमें काटी गई राशि को पुन: खाते में जमा करने के बाद भी स्टेट बैंक मनासा के शाखा प्रबंधक द्वारा प्रतिमाह मेरे बचत खाते से 588.82 एवं 411.82 पैसे काट लिए। जिसके चलते पुन: खाता धारक शाखा प्रबंधक से जाकर मिला तो खाता धारक की सुनने को तैयार नहीं मनमाने तरीके से बात करना व उपभोक्ता की सुनना नहीं व उपभोक्ता के साथ अभद्र भाषा में बात करना यही अब स्टेट बैंक शाखा मनासा का रवैया बन गया है। जिसके चलते उपभोक्ता के खाते से निरंतर राशि काटी जा रही है व शाखा प्रबंधक रिवर्ज बैंक इंडिया के नियमों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। पीडित ग्राहक ने चेयरमेन से की शिकायत।

### न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग जिलापीठ-नीमच ने सेवा में कमियों व लापरवाही के चलते...

## बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मनासा के विरूद्ध आदेश पारित किया

**मनासा, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बडौदा, शाखा मनासा ने सेवा में त्रुटी पर त्रुटी करने व लापरवाही बरतने व उपभोक्ता के बचत खाते में मोबाइल नंबर अपडेप नहीं करना एवं उपभोक्ता के परिजनों की बैंक पासबुक में इंट्री नहीं करना। उपभोक्ता के साथ दुव्यर्वहार करना व अभद्र भाषा का उपयोग करना आदि के चलते बैंक बडौदा, शाखा मनासा के पीडित ग्राहक कुंज बिहारी सिंह कुशवाह ने जिला उपभोक्ता फोरम में 5.06.2023 को परिवाद पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित ग्राहक ने समस्त दस्तावेज व साक्ष्यों के साथ अपना परिवाद पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर से माननीय फोरम के अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह व सदस्य श्रीमती संगीता जारोली ने परिवादी के पक्ष में निर्णय पारित करते हुए बैंक बडौदा, शाखा मनासा के विरूद्ध 10 हजार रुपये शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना के रूप में दिये जाए एवं 2000 हजार रुपये परिवाद खर्चा एवं दावा प्रस्तुति दिनांक 05.06.2023 से वसूली दिनांक तक 6 प्रतिशत साधारण ब्याज से पीडित उपभोक्ता को दिलाये जाने का निर्णय पारित किया गया।

# मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी का प्रथम सोलर ऊर्जा संयंत्र लोकार्पित



**मदसौर, 9 माच गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज मंदसौर जिले के रातागुराडिया स्थित मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के 7 मेगावाट सोलर ऊर्जा संयंत्र का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। इस संयंत्र के निर्माण में लगभग रुपये 42 करोड की लागत आई एवं इस संयंत्र से प्रतिवर्ष लगभग सवा करोड यूनिट विद्युत उत्पादन होना अनुमानित है।

रातागुराडिया सोलर ऊर्जा संयंत्र मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी का प्रथम सोलर संयंत्र है। इससे पूर्व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी केवल कोयले एवं जल पर आधारित विद्युत गृहों से बिजली का उत्पादन कर रही थी। समय की जरूरत को देखते हुए अन्य सोलर संयंत्रो को भी कंपनी के वर्तमान में क्रियाशील ताप विद्युत गृहो की रिक्त भूमि पर अति शीघ्र स्थापित करने का प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश पावर ट्रान्समिशन कम्पनी के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह एवं सभी विद्युत गृहों के वरिष्ठ अभियंता, प्रदेश जल संसाधन विभाग व मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अभियंता वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।



## नारी ईश्वर की अद्भुत शक्ति -श्रीमती लालवानी

**नीमच, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आराध्या वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विजय राजे सिंधिया जिला चिकित्सालय पहुंचकर समाजसेवी श्रीमती संजू राजू तिवारी डोनर के रूप में बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को देसी घी, बादाम, काजू, गोंद, किशमिश, खोपरा कई तरह की औषधियां व पौष्टिक आहार एवं मोतियों की माला पहनकर बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को सम्मानित किया गया। साथी श्रीमती संजू तिवारी ने बताया कि आराध्या के माध्यम से मुझे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर कन्या पूजन का सौभाग्य मिला।आराध्या संयोजिका मीनू लालवानी ने बताया कि आज एक साथ दो पावन पर्व का अवसर है एक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और एक महा शिवरात्रि ओर एसे पावन पर्व पर हमारी संस्था को एक डोनर के रूप में समाजसेवी श्रीमती संजू तिवारी के माध्यम से बेटियों को जन्म देने वाली माताओं का सम्मान करने का एक बार फिर अवसर प्राप्त हुआ है।

## उपमुख्यमंत्री के चहेते ठेकेदार विकास कार्यों में कर रहे है भारी भ्रष्टाचार-मालेचा

**मल्हारगढ़, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ विधानसभा से विधायक और प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा हमेशा विकास कार्यों की बडी-बडी डिगें हांकते और हर जगह कहते हैं कि मैं मल्हारगढ विधानसभा में विकास की गंगा बहा रहा हूं।लेकिन इसके पीछे कुछ और ही छुपा है जहां पर भी विकास कार्य का काम चल रहा है वहां पर जाकर अगर देखते हैं तो देवडा के इर्द-गिर्द रहने वाले लोग ठेकेदार बनकर काम कर रहे हैं और विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं और इन ठेकेदारों से संबंधित अधिकारी भी कुछ बोल नहीं सकते क्योंकि ठेकेदार देवडा की नजदीकियों का हवाला देते हैं। मालेचा ने कहा कि मुझे तो ऐसा लगता है कि जो मल्हारगढ विधानसभा में विकास कार्य हो रहा है वह पूरी तरह से भ्रष्टाचार के भेंट चढ़कर क्षेत्र का विकास तो कम बाकी देवडा के इर्द-गिर्द रहने वाले लोगों का विकास ज्यादा हो रहा है और इन लोगों के विकास को क्षेत्र की जनता भी देख रही है मुझे तो ऐसा लगता है कि इस विकास का कनेक्शन उप मुख्यमंत्री देवडा की जेब तक है इसीलिए क्षेत्र में इतने घटिया निर्माण हुए कई रोड तो 3 महीने भी नहीं चले और टूट गए उनकी कई शिकायतें क्षेत्र वासियों द्वारा करी गई।किंतु इन घटिया निर्माण पर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकाला और ना ही संबंधित अधिकारियों को आज तक जांच के आदेश दिए तो कहीं ना कहीं यह बात सच साबित होती दिख रही है।

# बिलासपुर भगत की कोठी एक्सप्रेस का स्टॉपेज होते ही नागरिकों में खुशी

## ट्रेन चालक का किया स्वागत, पूर्व मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सुवासरा, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे के विकास, नवीन ट्रेनों के परिचालन और ठहराव को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता लगातार प्रयासरत रहते है। इसी को लेकर मंदसौर संसदीय क्षेत्र के शामगढ़ व सुवासरा स्टेशन पर दो नवीन ट्रेनों का ठहराव स्वीकृत किया गया। जिसके बाद शनिवार से महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव शुरू हो गया। सुवासरा स्टेशन पर 20843/20844 बिलासपुर भगत की कोठी एक्सप्रेस का स्टॉपेज होते ही नागरिकों में खुशी का माहौल रहा। उपस्थित पूर्व मंत्री व विधायक हरदीप सिंह डंग सहित अन्य पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने ट्रेन चालक का भव्य स्वागत किया। ट्रेनों के ठहराव में होने से छत्तीसगढ़ के साथ बिलासपुर, रायपुर व नागपुर, इटारसी, व नर्मदापुरम की ओर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। वहीं इस ट्रेन का लाभ जोधपुर एवं जयपुर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। उपस्थित सभी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय रेलमंत्री अष्विनी वैष्णव व सांसद सुधीर गुप्ता का आभार प्रकट किया। हरदीप सिंह डंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व व क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता के प्रयासों से रेलवे को प्रतिदिन नई



उपलब्धियां मिल रही है। आगे भी विकास का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।

इस अवसर पर विधायक हरदीप सिंह डंग, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रोड़ूमल वर्मा, मंडल अध्यक्ष नेपालसिंह, महामंत्री श्यामसिंह देवड़ा, मगनलाल सूर्यवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल काला, गोवर्धन सिंह आंजना, धनश्याम धनोतिया, दिलीप सिंह मंडलोई, महेश धनोतिया, प्रकाश जयसवाल, किशोर पाटीदार, हंसपाल सिंह सिसौदिया, राकेश गेहलोत, उमेश सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला प्रेस क्लब का शपथ ग्रहण, कार्ड व हेलमेट वितरण संपन्न



**नीमच, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिला प्रेस क्लब रजिस्टर्ड का शपथ ग्रहण समारोह व कार्ड और हेलमेट वितरण कार्यक्रम शनिवार को स्थानीय अटल बिहारी वाजपेई सभागृह टाउन हॉल नीमच पर नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार जावद विधायक पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, जिला कलेक्टर दिनेश जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार, नीमच नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा के आतीथय में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत ,माला, दुपट्टाओड़ा कर किया गया इस अवसर पर अतिथियों का शाल वस्मृति चिन्ह और हेलमेट प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रेस क्लब के जिले भर के सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। नीमच जिला प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विष्णु मीणा, सचिव राजेश लक्ष्कार, उपाध्यक्ष राकेश मालवीय, कोषाध्यक्ष राजेश भंडारी ,सह सचिव बी एल दमानी और कार्यकारिणी सदस्य भानुप्रिया बैरागी, महावीर चौधरी ने शपथ ग्रहण की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विष्णु मीणा ने उनको दिए गए दायित्व के निर्वहन के लिए भरोसा जताते हुए अपेक्षा पर खडा उतरने का आश्वासन दिया साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन में कोर कमेटी द्वारा जोरवेया अपनाया गया उससे पत्रकार मित्रों को परेशानी का सामना करना पड़ाइसलिए निर्णय लेते हुए जिला कोर कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग करने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया सीहल द्वारा किया गया वह अंत में आभार कोषाध्यक्ष राजेश भंडारी ने व्यक्त किया।

# धूमधाम से मना महाशिवरात्रि पर्व

**पिपलियामंडी, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** 88 वें शिव जयंती समारोह के अवसर पर शिव संगम भवन पिपलिया सेवा केंद्र पर विभिन्न आयोजन हुए। सेवा केंद्र संचालिका हेमा दीदी ने कहा शिवरात्रि पर्व आत्माओं को अज्ञान अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाने का यादगार पर्व है। वर्तमान में कलियुगी सृष्टिपर वही अज्ञान अंधकार का समय है, ऐसे धर्म ग्लानि के समय ही परमात्मा शिव पर काया प्रवेश करके इस आसुरी दुनिया का परिवर्तन कर नई देवीय सतयुगी सृष्टि की स्थापना का पावन कर्तव्य कर रहे हैं। हम सभी को स्थूल व्रत उपवास के साथ साथ ही अपने अंदर व्याप्त बुराइयों और विकारों को त्यागने का भी व्रत लेना है और अपनी आत्मिक उन्नति के द्वारा इस संसार का पुनरोत्थान करना है। प्रात: काल से ही



राजयोग ध्यान, साधना के कार्यक्रम प्रारंभ हुए, प्रात: कालीन सत्संग के पश्चात शिव बाबा को भोग लगाया गया। दीप प्रज्वलन व केक कटिंग सेरेमनी हुई। इसके बाद परमात्मा शिव के प्रतीक शिव ध्वज फहराया गया। माला दीदी ने सभी उपस्थित ब्रह्मावत्सों को शिव प्रतिज्ञा करवाई। ध्वज वंदन के पश्चात सभी शिववत्सों ने ढोल की थाप पर उमंग उल्लास से नृत्य भी किया। इसके साथ ही सायंकाल 6 बजे से विशाल शिव दर्शन आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी व अमरनाथ दर्शन झांकी सजाई गई, जिसका उद्घाटन नगर पंचायत उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा, बही तीर्थ पेढ़ी अध्यक्ष अशोक कुमठ ने किया। कनघट्टी, खत्याखेडी, बही, सेमली के कई ब्रह्मा वत्स मौजूद रहे। अंत में महाप्रसादी वितरित की।

## ***** व्यंग्य *****

# लहसुन का चीर हरण

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लहसुन बेचारी बड़ी परेशान रहती , कोई मसाले में झोंक देता है तो कोई दवाई बनाने की मशीनों में, तो कोई रोज बेचारी के वस्त्र उतार कच्चा ही निगल जाता , तो कोई बेचारी को अपने दांतों से काट काट कर चबाकर ऐसा बदला लेता कि बस और कोई तो तेल निकालने के लिए ही पिल पड़ता। कोई कहता मुझे एक कली वाली पसंद है तो कोई कहता 'ऊंटी वाली ' न देशी को चेन न विदेशी ( चायना) को और न आभिजात्य वर्ग वाली ऊंटी को। कलकत्ते से लेकर कन्याकुमारी तक , पूर्व से लेकर पश्चिम तक व्यापारी सरे बाजार इसका अपहरण कर गुप्त ठिकानों के गोडाउन में कैद कर दे तो मालवा हो या ओर कोई क्षेत्र, खेत के गर्भ का अधूरे में ही सिजेरियन आप्रेशन कर इसका किसान पिता इसे निकाल लेता है। मंदसौरिये - नीमचीये तो बड़े उतावले रहते, अब तो गर्भ में ही जल्दी बड़ी हो जाए उसके लिए इंजेक्शन लगा दिए जाते इससे भी मन नहीं भरता तो निकाल कर प्राकृतिक चेहरे को केमिकल पावडर से पोतकर सरेआम मंडी में खड़ा कर देता भले ही इसे चमकाने वाले के आंखों में जलन होकर आंसू निकल आए ,या सांस लेने में तकलीफ़ हो उसे सब मंजूर। छोटी और बड़ी की साथ-साथ ढेरियों में छोटी की बोली में व्यापारी धोखे से बड़ी को भी ' एकज भाव ' में हड़प ले या व्यापारी एका कर मजबूरी का फायदा उठाकर नीची बोली लगाकर ढेरी हड़पने की कोशिश करे, फिर किसान - व्यापारी में लट्ठमलठ्ठा हो तो इसका क्या कसूर। लहसुन उठती है तो सफेद सोना और व्यापार के दोगले पन से गिर जाती है तो बेचारी को जमीन भी नसीब नहीं होती। इसका पिता सीधा इसे गटर का मुंह दिखाता है मानो नाजायज संतान हो। अभी तो रतलाम जिले की रियावन की लहसुन ने रानी का मुकुट धारण कर लिया वक्त वक्त की बात है। एक बार पोते के साथ राम टेक से गुजर रहा था कि एक बिल्डिंग की बायीं ओर उपर से नीचे तक लहसुन की प्रतिमा बनी देख पोते ने पूछा, 'दादाजी सब भगवान की मूर्तियां लगाते हैं इस पर लहसुन की मूर्ति क्यों लगी हुई है ? '



लहसुन की मेहरबानी से, लहसुन उठी तो ये बिल्डिंग बन गई।' ' तो क्या लहसुन गिर जाए तो ये बिल्डिंग भी धड़ाम हो जाएगी। 'अब बेचारी बेकसूर लहसुन का चिर हरण करने वालों के बारे में उसे कैसे समझाऊं

**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**

# धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड को भारत ने रौंदा, पारी से हराकर सीरीज की अपने नाम, लगाया जीत का चौका

**धर्मशाला, 9 मार्च।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया है। धर्मशाला में खेले जा रहे आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया ने घातक गेंदबाजी के दम पर पारी की बड़ी जीत दर्ज की। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। पहली पारी में पूरी टीम 218 रन पर सिमट गई। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की शतकीय पारी की बदौलत 477 रन बनाए और 259 रन की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजी महज 195 रन ही बना पाई। कुलदीप यादव को मैन ऑफ दि मैच और यशस्वी जायसवाल को मैन आफ दि सीरीज का अवार्ड दिया गया।

मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 473 रन से आगे खेलना शुरू किया और महज 4 रन जोड़कर 477 रन पर ऑलआउट हो गई। कुलदीप यादव 30 रन बनाकर जेम्स एंडरसन के शिकार हुए, जबकि जसप्रीत बुमराह को शोएब बशीर ने आउट किया। एंडरसन इस मैच में 700 टेस्ट विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने।

**कुलदीप और अश्विन पहली पारी में छाए–**टीम इंडिया ने पहला टेस्ट मैच हारने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार चार मुकाबले जीते। 4-1 से सीरीज अपने नाम करते हुए रोहित शर्मा की टीम इंडिया ने कमाल कर दिखाया। धर्मशाला टेस्ट में टॉस जीतने के बाद बेन स्टोक्स ने पहले बल्लेबाजी चुनी थी। कुलदीप यादव और आर अश्विन ने मिलकर टीम का सफाया कर दिया। कुलदीप ने 5 जबकि अश्विन ने 4 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा ने 1 विकेट अपने नाम किया।

**रोहित और शुभमन गिल का शतक–**इंग्लैंड के खिलाफ 218 रन के




जवाब में भारत ने पहली पारी में 477 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने 162 बॉल पर 103 रन की पारी खेली, जबकि शुभमन गिल ने 150 बॉल का सामना करते हुए 110 रन बनाए। डेब्यू कर रहे देवदत्त पडिक्कल ने फिफ्टी जमाई तो वहीं सरफराज खान ने भी अर्धशतक जमाया।

**100वें टेस्ट में अश्विन चमके–** भारतीय टीम के धुरंधर स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में ऐसी घातक शुरुआत की जिसने टीम की कमर तोड़कर रख दी। बेन डकेट, जैक क्राउले और ओली पोप को एक के बाद एक आउट कर टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स को क्लीन बोल्ड कर धमाका कर दिया। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में 5 विकेट झटके और कुल 9 विकेट लेकर अपने 100वें टेस्ट को यादगार बनाया।



# भारतीय मजदूर संघ की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय मजदूर संघ मन्दसौर की जिला कार्यकारिणी की बैठक 9 मार्च को जिलाध्यक्ष श्री राकेश शर्मा की अध्यक्षता व नवनियुक्त मन्दसौर विभाग प्रमुख श्री गोपाल जामलिया की विशेष उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में चर्चा कर निर्णय लिया गया कि भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध सभी इकाइयां अपनी अपनी जिला व तहसील इकाइयों के पदाधिकारियों के नाम, पता व मोबाइल नम्बर सहित सूची जिलाध्यक्ष को एक सप्ताह मे भेजे। सभी संगठन सदस्यता की जानकारी भी भेजे। सभी संगठन अपनी कार्यकारिणी के त्रैवार्षिक पुनर्गठन की योजना बनाकर जिला ईकाई की सहमति से पुनर्गठन करें। बैठक मे सर्वश्री अशोक रामावत, चन्द्रकान्त शर्मा, महेन्द्र मोड़, भूपेश पाण्डे, अनिलकुमार क्षोत्रिय, कैलाश पुरोहित, भंवरलाल धनगर, गोपाल व्यास, मनोहरलाल खटवड़, अनिल जाट, किशोर साहू, राजेन्द्रकुमार शर्मा, जानकीलाल धाकड, विष्णुलाल भदानिया, दिनेश डांगी, श्रीमती गायत्री बैरागी व निर्मला राठौर उपस्थित रहे। प्रारम्भ मे उपस्थित सदस्यों द्वारा श्री गोपाल जामलिया का स्वागत किया गया।

# जनमत पर अगर महंगाई का असर हुआ है तो लोकसभा के नतीजे पर आएगा नजर...


चन्द्रमोहन भगत

**मंदसौर/उज्जैन, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बीते 10 साल की एनडीए सरकार में आम जरूरत की वस्तुओं के दाम खासे बढ़ चुके हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में लगातार कीमतें बढ़ने के बाद भी मोदी सरकार की लोकप्रियता घटने की बजाय 2019 के चुनाव में पहले से ज्यादा सीटों के साथ सरकार में आई थी। अब 2024 का चुनाव होने जा रहा है आज भी एनडीए सरकार की सतही मजबूती सभी राजनीतिक दलों से बहुत भारी नजर आ रही है।

सभी विपक्षी एक होकर भी एनडीए के आसपास भी नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में कुछ राजनीतिक आर्थिक शोधार्थी और जानकारों का दावा है कि देश के जनमत पर महंगाई और बेरोजगारी का असर साफ दिखाई दे रहा है। इतना की इस बार के लोकसभा चुनाव नतीजे पर साफ नजर आएगा। इसके उलट एनडीए नेतृत्व के नीतिकार दावा कर रहे हैं कि इस बार लोकसभा सीटों की संख्या 400 पार तक जाएगी। मतलब विपक्ष पहले से भी अधिक सिमट जाएगा। ऐसा हो भी सकता है, क्योंकि 2014 और 2019 के चुनाव के पहले भी एनडीए के नए नीतिकारों के आंकड़ों के दावे सच साबित हुए थे। वर्ष 2019 के पहले भी जब जानकारो का दावा चल रहा था कि धर्म और मंदिरों से पेट नहीं भरता है। महंगाई और बेरोजगारी से देश का आम जनमत हलाकान हो रहा है। उसके विपरीत बीते चुनाव के दौरान ही विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं को यह कहते हमने भी देखा सुना था कि पेट्रोल दो सौ रू लीटर, शक्कर 50 रु किलो भी मिलेगी तो चलेगा पर सरकार नरेंद्र मोदी की ही चाहिए। यह वह दौर था जब महंगाई चरम पर थी, आम आदमी भुगत रहा था और अब तो इसे भुगतते हुए एक दशक से आदत सी बन गई है। ऐसे मे आर्थिक और राजनीतिक जानकारों की बातों पर कैसे यकीन किया जाए कि इस बार के लोकसभा चुनाव में महंगाई और बेरोजगारी का असर एनडीए के लिए नकारात्मक वातावरण बन चुका है। आर्थिक जानकारों द्वारा देश की आर्थिक हालत में लगातार गिरावट को सरकार के ही आंकड़ों का आधार बनाकर बताया जा रहा है राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मॉनिटर करने वाली विशेषज्ञ की एजेंसियों के आंकड़े जिन्हें वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली हुई है, भी देश की बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को चिंताजनक बता चेतावनी जारी कर चुके हैं।

दरअसल देश के साक्षर नागरिकों पर देश की वित्तीय स्थिति, जीडीपी, टैक्स की आय, विदेशी कर्ज, निर्यात और आयात के साथ प्रति व्यक्ति आय के विसंगत विभाजित आंकड़ों ने असर डालना शुरू कर दिया है। देश में चलाए जा रहे आंकड़ों के जंजाल को सरकार के पक्षकार अपनी तरह से तो विपक्ष अपने आलोचक अंदाज में प्रसारित कर रहे हैं। जैसे इलेक्ट्रॉल बांड, आईएमएफ की चेतावनी जीडीपी निर्धारण के मापदंड में बदलाव कर गलत आंकड़ों की जीडीपी बताना, साथ ही राजनीतिक जानकारों की आलोचना भी कि जिन गैर भाजपाइयो को एनडीए सरकार के मुखिया ही सार्वजनिक मंचों से हजारों करोड़ो का भ्रष्टाचारी साबित करते आए थे। ऑपरेशन लोटस कर उन्हें ही सार्वजनिक मंच पर गले लगाकर अपनी सरकारों में उपमुख्यमंत्री बनवा रहे हैं। ऐसे सारे प्रमाणिक दृश्य दस्तावेजी आंकड़े आम जनमत के अंतर्मन को झकझोर चुके हैं। इसलिए विश्लेषकों का दावा है कि एनडीए का मत प्रतिशत घटेगा। यह भी की जिस तरह भारत की केंद्रीय सरकार के मुखिया अभी तक नरेंद्र मोदी बनते आए हैं, अगर 2024 के चुनाव में एनडीए का मत प्रतिशत घटा तो सहयोगी दलों के बदलते वातावरण के कारण नेतृत्व बदल जाना भी संभावित है।



# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा अंचल

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भगवान पशुपतिनाथ की नगरी कहा जाने वाला दशपुर धाम मंदसौर महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरी तरह भगवान शिव के रंग में रंग गया। शिवालयों पर बाहर भक्तों की कतारे थी तो अंदर शिव के जयकारे कानों में शिव भक्ति का रस घोल रहे थे। कहीं महाभिषेक तो कहीं रूद्राभिषेक का दौर चलता रहा। पशुपतिनाथ मंदिर पर शहर ही नहीं अपितु दूरस्थ अंचलों से भी भक्तों ने पहुंचकर बाबा की अष्टमुखी प्रतिमा के दर्शन किए। एक अनुमान के अनुसार महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ मंदिर पर एक लाख से ज्यादा भक्तों ने दर्शन किए।

शहर सहित अंचल में महाशिवरात्रि का पर्व धुमधाम से मना। शहर सहित अंचलभर से हजारों श्रद्धालु पशुपतिनाथ के दर्शन करने पहुंचे। इधर, दिनभर शहर के अन्य शिवालयों पर भी अनेक आयोजन हुए। शहर के लगभग सभी मोहल्लो में शिवालय होने से शहर शिव के जयकारों से गूंज उठा। दिनभर चहुं ओर शिव की तरंग छाई रही। इसके चलते शिव की नगरी पूरी तरह शिवमय हो गई। शहर के पशुपतिनाथ मंदिर पर तड़के 3.30 बजे पट खुलते ही श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे शिवभक्तों की भीड़ में इजाफा होता गया। भगवान पशुपतिनाथ के दर्शनों हेतु मंदिर के गर्भ गृह से लेकर बाहर सडक़ तक करीब 200 मीटर लंबी महिला, पुरुष भक्तों की कतार लग गई। अल सुबह से रात तक यह सिलसिला जारी रहा। पशुपतिनाथ मंदिर सहित शहर के जागेश्वर महादेव, जलेश्वर महादेव, नीलकंठ महादेव, विश्वपति शिवालय, मंछापूर्ण महादेव, घुम्टेशवर महादेव, जागेश्वर महादेव, भूरिया महादेव, अम्लेश्वर महादेव, भुतेश्वर महादेव, रामटेकरी व अभिनंदन नगर स्थित शिव मंदिर आदि मंदिरों पर महाशिवरात्रि पर्व पर अनेक धार्मिक आयोजन हुए। दिनभर विभिन्न आयोजनों के बाद शाम होते ही शिवलिंगों का मनमोहक श्रृंगार किया गया। कहीं मिठाई तो कहीं फलों का प्रसाद बड़ी मात्रा में वितरित हुआ।

### रात के चारों पहर हुआ अभिषेक...

प्रदोष के साथ महाशिवरात्रि का विशेष संयोग जुड़ा था। सुबह भगवान पशुपतिनाथ का दूध, दही, पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान का श्रृंगार और प्रात: काल की आरती की गई। दिन में भगवान भोलेनाथ को दूध दही से स्नान कराया गया। इसके बाद मेवा, भांग और फूलों से नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। वहीं महादेव की आरती और राजभोग अर्पण किया गया। शाम को मंदिर परिसर में संस्कृति विभाग द्वारा भगवान शिव से जुडे सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया गया। इसके बाद रात्रि में महाशिवरात्रि के चारों पहर भगवान पशुपतिनाथ का विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विशेष अभिषेक किया गया।



## आज मनाई जाएगी पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया की जयंती

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सिंधिया फैंस क्लब मंदसौर के जिलाध्यक्ष पीयूष जैन ने बताया है कि क्लब द्वारा कैलाशवासी महाराज श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी की जयंती मनाई जाएगी। जिसके तहत जिला पंचायत परिसर मंदसौर में आज 10 मार्च, रविवार को प्रात: 12.15 बजे सभी वरिष्ठ भाजपा नेता, सामाजिक संगठन, समाजसेवी और कार्यकर्तागण की उपस्थिति में श्रीमंत महाराज माधवरावजी सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये जाएंगे। सिंधिया फैंस क्लब के जिलाध्यक्ष पीयूष जैन ने सभी भाजपाजनों व आम नागरिकों से अनुरोध किया है की आज दोप. 12.15 बजे जिला पंचायत परिसर में पहुँच कर श्रद्धासुमन अर्पित करें।

## छुरे सहित पकड़ा

**पिपलियामंडी, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोहे के छुरे से आमजन को भयभीत करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राहगीरों को छुरा लेकर डरा रहे सूठोद निवासी चोथमल उर्फ छोटू डांस पिता हजारीलाल राव को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

**✻✻ शवयात्रा ✻✻**

अत्यंत दुख के साथ लिखने में आता है की स्व। श्री जगन्नाथ जी। स्व। श्री रामेश्वर जी डबकरा के छोटे भाई एवं मनोहर लाल बाबूलाल, सुभाष चंद के पूज्य पिताजीश्री कन्हैयालाल जी डबकरा ( दोरवाड़ा वाला) का स्वर्गवास हो गया है। जिनकी शव यात्रा दिनांक 10/03/2024 , रविवार,सुबह 10:30 बजे निज निवास टीलाखेड़ा पिपलिया मंडी से निकाली जाएगी।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**समस्त डबकरा परिवार,**
**पिपलिया मंडी, नाहरगढ़**

## नेशनल लोक अदालत में 3 हजार 389 प्रकरणों का निराकरण कर...

# 4 करोड़ 88 लाख 77 हजार रूपये के अवार्ड पारित

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार व प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्रीमान् अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 09 मार्च 2024 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय मंदसौर एवं तहसील न्यायालय गरोठ, भानपुरा, नारायणगढ़, सीतामऊमें किया गया।

इस अवसर पर जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर भवन के सभागृह में माननीय प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री अजय कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम को प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अजय कुमार सिंह एवं जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह पंवार, लोक अभियोजक श्री तेजपाल सिंह शक्तावत ने सम्बोधित कर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री किशोर कुमार गेहलोत, श्री जितेन्द्र कुमार बाजोलिया, डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, सुश्री प्रतिष्ठा अवस्थी, श्री विशाल शर्मा, श्री विवेक बुखारिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री प्रवीण कुमार सोंधिया, अन्य न्यायाधीशगण श्री प्रेमदीप सांकला, सुश्री लक्ष्मी वास्कले, श्री विनोद अहिरवार, श्री राहुल सोलंकी, सुश्री निकिता वार्ष्णेय, सुश्री प्राची पाण्डेय, सुश्री रूपा मिश्रा, सुश्री पूर्वी गुप्ता, श्री काशीश माटा, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण, विभिन्न बैंक, बीमा कम्पनियां, विद्युत विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, खण्डपीठ सदस्यगण इत्यादि उपस्थित रहे।

आज की नेशनल लोक अदालत हेतु जिले में कुल 25 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया है, कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात नेशनल लोक अदालत की कार्यवाही गठित खंडपीठों में शाम तक चली, जिसमें राजीनामे के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया गया। उक्त लोक अदालत में 2233 कोर्ट में लंबित मामले निराकरण के लिए रखे गए थे जिसमें से कुल 624 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें कुल 3,71,88,665/- का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार कुल 13916 प्रीलिटिगेशन के रखे प्रकरण में से 2765 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 1,16,88,425/- राशि की वसूली की गई। मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 24 प्रकरण निराकृत किए गए, जिसमें कुल राशि 83,00,000/- का अवार्ड पारित किया गया। इस लोक अदालत में धारा 138 के अंतर्गत चैक वाउंस के 239 प्रकरण निराकृत किए गए जिसमें कुल राशि रू. 2,11,62,197/- का अवार्ड पारित किया गया।

**नेशनल लोक अदालत में कुछ विशेष मामलों का भी निराकरण हुआ, पारिवारिक विवादों का हुआ समाधान-** नेशनल लोक अदालत के माध्यम से 43 पारिवारिक विवादों का समाधानप्रद निराकरण भी हुआ है। न्यायालयों में लंबित पति-पत्नी एवं अन्य पारिवारिक विवादों के मामलों का निराकरण लोक अदालत में दी गई समझाईश एवं सोहार्दपूर्ण वातावरण में सुलह के किये गये सार्थक प्रयासों से संभव हुआ।

## महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप....

# पति, सास, ससुर पर प्रकरण दर्ज

**भानपुरा, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बीती 27 जनवरी को विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने महिला के पति, सास और ससुर पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का प्रकरण दर्ज किया है। उस समय मायके वालों ने मृतिका के पति, सास, ससुर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। मिली जानकारी के अनुसार सेमली निवासी अनु शर्मा ने 27 जनवरी 24 को घर में फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पति रवि ने बताया कि उसके माता-पिता खेत पर गए थे, वह भी मजदूरी करने गया था। वापस लौटकर आया तो दरवाजा बंद था। खिड़की से देखा तो पत्नी फंदे पर लटकी हुई थी। करीब एक महीने की जांच के बाद पुलिस ने मायके पक्ष, आस-पड़ोसियों के बयान लिए। पता चला कि जीरापुर राजगढ़ निवासी अनु पिता घनश्याम शर्मा 21वर्ष की शादी तीन साल पहले सेमली निवासी रवि पिता विष्णु शर्मा के साथ हुई थी। उनकी एक बेटी है। शादी के बाद से ही पति रवि, ससुर विष्णु पिता रमेश शर्मा व सास शारदा बाई पति विष्णु शर्मा सभी निवासी ग्राम सेमली थाना भानपुरा प्रताड़ित करते थे। इससे परेशान होकर उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने पति, सास, ससुर पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में 306, 34 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है।

# जागेश्वर महादेव मंदिर में मनाया महाशिवरात्रि महोत्सव

**रात्रि के अंतिम पहर तक संगीत की मधुर स्वर लहरियों से हुआ अभिषेक, दूल्हे रूप में सजे जागेश्वर महादेव**



**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर के नीम चौक स्थित प्राचीनतम चमत्कारी शिवालय जागेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर प्रात: 5 बजे से जल, दूध, दही घृत, शहद आदि से भगवान जागेश्वर महादेव का अभिषेक का क्रम प्रारंभ हो गया था जो दिन भर जारी रहा। संध्या को भगवान पशुपतिनाथ अनन्त सेना द्वारा भगवान जागेश्वर का नयनाभिराम श्रृंगार झांकी दूल्हे के रूप में सजाया-संवारा गया। रात्रि 8 बजे प्रथम महाआरती हुई जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्त मातृशक्ति एवं भाईयों-बच्चों-बुजुर्गों नें सम्मिलित होकर आरती के साथ दूल्हें भगवान जागेश्वर के दर्शन लाभ लेकर अपने को कृतार्थ किया।

रात्रि 10.30 बजे से स्थानीय संगीतकला साधकों द्वारा शास्त्रीय एवं सुगम संगीत की मधुर स्वर लहरियों से प्रात: 5 बजे तक भगवान जागेश्वर का महाअभिषेक किया गया। मुख्य कलाकार थे कमलेन्दु गंधर्व, चेतन गंधर्व, दिलीप चौहान। तबला संगत भीमसेन गंधर्व, केशव गंधर्व और वायलिन संगत राजमल गंधर्व ने की। चेतन गंधर्व और कमलेन्द्र गंधर्व की युगल जोड़ी ने ऊँनम: शिवाय कीर्तन धुन और गणेश वंदना से संगीत सभा का शुभारंभ किया। शास्त्रीय संगीत में इस युगल जोड़ी ने प्रसिद्ध राग जोग में त्रिताल में बंदिश साजन मोरे घर आये राग दरबारी में किन बैरिन- कान भरयो अन्य मिश्रीत रागों में भगवान शिव के भजन गाये। अन्य कलाकारों ने भगवान शिव के सुगम संगीत में भगवान जागेश्वर की वंदना में भजन सुनाये। प्रमोदसिंह तोमर, संजय सोनी, घनश्याम सोनी, विक्रम सोनी, राजेन्द्र व्यास, हर्ष सोनी, कृष्णकांत सोनी ने सुगम संगीत में भगवान शिव परक पद सुनाये। संगीत सभा का समापन चेतन चौहान और कमलेन्दु गंधर्व द्वारा प्रात: राग भैरवी में लागा चुनरी दाग ठुमरी बाट चलत मोरी चुनरी रंग डारी और ऊँनम: शिवाय धुन के साथ हुआ। प्रारंभ में मुख्य अतिथि डॉ. रविन्द्र पाण्डेय और नारायण जगदीश पोरवाल द्वारा समस्त कलाकारों को दुपट्टा धारण कराकर सम्मान किया गया। अतिथियों का दुपट्टा धारण कर स्वागत सुभाष रिछावरा, कैलाश सोलंकी, संजय सोनी आदि ने किया। संचालन बंशीलाल टांक ने किया एवं आभार कैलाश सोलंकी ने माना।

## डूबा तो टाइटैनिक भी था...

पेज 1 से जारी

विधानसभा चुनाव हारे हैं। अपनी सात दशक से ज्यादा की जिंदगी में पांच दशक कांग्रेस में बिताने के बाद पचौरी ने यदि दल बदला है तो उन्हें पता है कि यह पार्टी उन्हें तत्काल सिर आंखों पर तो नहीं बैठा लेगी। फिर भी यह सब जानते-बूझते हुए भी पचौरी भाजपा में आ गए हैं तो यह माना जाना चाहिए कि वह कांग्रेस के वर्तमान नेतृत्व के प्रति घनघोर किस्म के अविश्वास और निराशा से भर चुके हैं। कांग्रेस का जहाज डूबने की स्थिति में है।

अब ये कल्पना तो स्वयं को मानसिक जहालत से जूझ रहा बताने का प्रतीक है कि कांग्रेस इस घटनाक्रम से कोई सबक लेगी। कम से कम फिलहाल का नेतृत्व तो पार्टी में रह-रह कर लग रही ऐसी आग के बावजूद बांसुरी बजाने में मग्न है। डूबा टाइटैनिक जहाज भी था और जला रोम भी था। इनके पीछे किसकी गलती थी, सभी जानते हैं। ठीक वैसे ही, जैसे कांग्रेस के मौजूदा हालात के पीछे की 'शीर्ष वजह का सिरा' किसी से भी छिपा नहीं है। बावजूद इसके ये सब ऐसे ही चलता रहेगा, क्योंकि ये आज की कांग्रेस का मामला है।

# मंदसौर शहर होगा श्याममय...

**कल से शुरू होगा बाबा श्याम का फाल्गुन मेला, साक्षर गधा प्यारेलाल इस वर्ष मेले का मुख्य आकर्षण, दूर-दूर से आयेंगे व्यापारी, कई दुकानें सजी**

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भगवान पशुपतिनाथ की नगरी दशपुर मंदसौर में विराजमान श्री खाटू नरेश बाबा का षष्ठम श्री खाटू श्याम फाल्गुन मेला कल 11 से 22 मार्च तक लगेगा। यह मेला श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर संजीत रोड मंदसौर पर आयोजित होगा। दैनिक गुरु एक्सप्रेस के तत्वावधान में लगने वाला यह मेला इस बार 12 दिवसीय होगा।



इस वर्ष दर्शको की विशेष मांग पर फाल्गुन मेले में साक्षर गधे प्यारेलाल का शो भी रखा गया है। और साथ में बच्चों के लिए मिक्की माउस, छुक छुक गाडी, नाव की सवारी, जहाज, जम्पिंग, निशानेबाजी और अन्य मनोरंजन के साधन रहेंगे। इसके साथ ही लखनवी चिकन के कुर्ते, जोधपुरी चुडिया, राजस्थानी नागरा मोजडी, सॉफ्ट, चाट पकोडी, हींग की कचोरी, पानी पताशे, चाइनीज फूड और अन्य खानपान के सामान सहित मनिहारी की दुकानें भी रहेंगी। मेला आयोजक श्री शैलेन्द्र सिंह राठौर एवं आशीष नवाल ने जानकारी देते हुवे बताया की प्रतिवर्ष यह मेला आयोजित किया जाता है। मेले में आने वाले भक्तों की भीड़ को देखते हुए इस वर्ष यह मेला 12 दिवसीय होगा। साथ ही श्री खाटू श्याम जी मंदिर के संस्थापक वैकुण्ठवासी ठाकुर अर्जुन सिंह राठौर सेवा संस्थान द्वारा मेला अवधि के दौरान खाटू श्याम मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन भी किये जायेंगे। खाटूश्यामजी मंदिर ट्रस्ट एवं गुरु एक्सप्रेस मेला समिति द्वारा नगर एवं आसपास के श्याम प्रेमियों से अपील की गई है कि फाल्गुन मेले में सपरिवार पधार कर मेले का आनन्द लेवे एवं धर्मलाभ प्राप्त करें।

# नैक टीम का दौरा मई-जून में होने की संभावना

**पीजी कॉलेज प्रबंधन ने शुरू की तैयारी**

**मंदसौर, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिएशन काउंसिल (नैक) की टीम 7 साल बाद मंदसौर पीजी कॉलेज को नए सिरे से रैंकिंग देगी। मंदसौर पीजी कॉलेज प्रबंधन इसके लिए 25 मार्च के बाद नैक टीम के प्रस्तावित दौरे को लेकर रिपोर्ट सबमिट करेगा, ताकि टीम के आगमन की तारीख तय हो सके। नैक टीम का मुख्यालय बेंगलुरु है, उम्मीद जताई जा रही है की लोकसभा चुनाव बाद टीम मंदसौर में दस्तक देगी। स्थानीय स्तर पर इस बार ए प्लस ग्रेड को लेकर तैयारियां की जा रही है। दरअसल रैंकिंग बढ़ती है तो उसका सीधा फायदा रूसा और वर्ल्ड बैंक की राशि से नए प्रोजेक्ट पर भी आता है।

मंदसौर पीजी कॉलेज में विक्रम यूनिवर्सिटी के अलावा इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी और भोज मुक्त यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित कोर्सेस मिलाकर करीब 14 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर कभी भी आचार संहिता लग सकती है। ऐसे में निरीक्षण संभव नहीं हो सकेगा। यही वजह है कि मई अंत या जून में निरीक्षण की संभावना बनेगी। इससे पहले नवंबर-दिसंबर में ही कॉलेज में रंगाई-पुताई समेत फर्नीचर व आवश्यक कार्य कर लिया गया था।

### 24 एकड़ क्षेत्र में फैला है लीड कॉलेज...

मंदसौर लीड कॉलेज 24 एकड़ में फैला है और इसमें सेमीनार हॉल, 49 क्लास रूम, 20 लैब, वाई-फाई जोन, वर्चुअल क्लास रूम जैसी सुविधाएं भी हैं। इसके अलावा नैक टीम के निरीक्षण के दायरे में विभिन्न संकायों के नतीजे, कॉलेज स्टाफ की दक्षता, होस्टल में सुविधाएं, प्रोफेसर्स की परफॉर्मेंस समेत अन्य बिंदू भी रहते हैं। पीजी कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी की देखरेख में सभी तैयारियां की जा रही हैं।

# दानदाता का किया सम्मान

**पिपलियामंडी, 9 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भादवामाता में धर्मशाला निर्माण के लिए दान राशि दे रहे दान दाताओं का समिति पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शनिवार को एलची (दलौदा) निवासी गोविन्दराम औंकारलाल नागरिक ने धर्मशाला निर्माण के लिए राशि प्रदान की, जिनका धर्मशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रकाश राठौर तुरकिया, सत्यनारायण गणेरिया, मोडीराम पंडियार, पूनमचन्द गरगामा, अम्बालाल, सुन्दरलाल आदि ने पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/342/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-05.03.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// द्वितीय सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बरखाकुंवर पति श्री पृथ्वीराजसिंह चौहान निवासी गुराड़ियामाता तहसील गरोठ जिला मंदसौर द्वारा केशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 19.01.2024 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना 86/खनिज/2024 मंदसौर दिनांक 19.01.2024 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः 25.03.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | शामगढ़ | नारियाबुजुर्ग | 643/3/1 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.03.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-25749/23 टीका के दो डोज पूर्ण, कोविड से सुरक्षा सम्पूर्ण



## विनोद सालवी (हाईकोर्ट एडव्होकेट )

कार्यालय:- भारत प्लाजा, गुरुद्वारा रोड, मंदसौर मो.न. 9893203728

दिनांक 09.03.2024

✻✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻✻

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि:- मोहम्मद जाफर पिता मोहम्मद सलीम निवासी मंदसौर के स्वामित्व आधिपत्य का एक भूखण्ड आई-164 जो हाउसिंग बोर्ड का होकर किटियानी मंदसौर में स्थित है। उक्त भूखण्ड की साईज 36.25 वर्गमीटर होकर जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में-कालोनी सड़क, पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक आई-170, उत्तर में-खुली भूमि व रोड, दक्षिण में-भवन क्रमांक आई-165 होकर उक्त भूखण्ड को मेरे व्यवहारिया श्रीमती कलावंती पति स्व. जमनालालजी जाटव निवासी लेबर कालोनी मंदसौर द्वारा क्रय करने का सौदा मोहम्मद जाफर से किया होकर उक्त सौदे की सांई पेटे राशि भी मेरे व्यवहारिया द्वारा मोहम्मद जाफर को अदा कर मोहम्मद जाफर से विधिवत उक्त भूखण्ड का विक्रय अनुबंध भी मोहम्मद जाफर द्वारा मेरे व्यवहारी के हक में किया है तथा जल्द ही मेरे व्यवहारी द्वारा मोहम्मद जाफर को शेष बकाया राशि अदा कर उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण संस्था आदि को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी व्यक्ति का हित दावा आापत्ति हो तो उक्त सूचना पत्र प्राप्ति के 5 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद अवधि गुजरने के पश्चात मेरे व्यवहारिया द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा। सो सूचित हो।

भवदीय
विनोद सालवी अभिभाषक मंदसौर



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/374/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-06.03.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चिराग कुमावत पिता सुरेन्द्र कुमावत निवासी जनता कालोनी, मंदसौर, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 04.03.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 10.04.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मल्हारगढ़ | अरनियामीणा | 3 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.04.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-25773/23 पहला डोज रक्षा, दूसरा डोज सुरक्षा




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in